आकाशवाणी केन्द्र शिमला

21.08.2025 / 9.20 बजे

प्रादेशिक समाचार

मानसून सत्र

प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र का आज चौथा दिन है। सत्र की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होगी। आज गैर सरकारी सदस्य दिवस है जिसमें विभिन्न सदस्य अपने संकल्प प्रस्तुत करेंगे।

भाजपा कार्यकारिणी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डाक्टर राजीव बिंदल ने प्रदेश कार्यकारिणी का गठन कर दिया है जिसमें 35 पदाधिकारी शामिल किए गए हैं। पदाधिकारियों की सूची में इस बार उपाध्यक्ष और सचिवों की संख्या 6 से बढ़ाकर 8 की गई है। जारी सूची के अनुसार 8 उपाध्यक्ष, 3 महामंत्री, 8 सचिव और कोषाध्यक्ष चुने गए हैं। इसके अलावा पार्टी के पांच अग्रणी संगठनों के अध्यक्षों के नामों की भी घोषणा हुई है।

रजनी पाटिल

इधर कांग्रेस कार्यकारिणी के गठन को लेकर भी कवायद शुरू हो गई है। बीते दिनों दिल्ली में कांग्रेस आलाकमान और राहुल गांधी के साथ प्रदेश के नेताओं की बैठक के बाद आज से प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल का शिमला दौरा प्रस्तावित है। अपने 3 दिवसीय दौरे के दौरान पाटिल पार्टी के बड़े नेताओं और अग्रणी संगठनों से जुड़े नेताओं से मंत्रणा करेंगी। फीडबैक के आधार पर जल्द कांग्रेस अध्यक्ष सहित कार्यकारिणी के गठन की उम्मीद है।

पौंग बाँध जलस्तर

मॉनसून की वर्षा से नदियों में जल स्तर लगातार बढ़ रहा है। बढ़ते जलस्तर के चलते पौंग बांध से आज दो–दो घंटे के अंतराल पर 2 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जाएगा। धीरे–धीरे छोड़े जाने वाले पानी की कुल मात्रा 75 हजार क्यूसेक तक पहुंचेगी। प्रशासन ने अलर्ट जारी करते हुए ब्यास नदी के किनारे से 50 मीटर दूरी तक के घर खाली करवाने शुरु कर दिए हैं। एसडीएम फतेहपुर विश्रुत भारती ने बताया कि प्रभावित लोगों के लिए राधा स्वामी सत्संग भवन, बडूखर में राहत कैंप बनाया गया है। अब तक 23 परिवारों के 107 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

वरिष्ठ नागरिक दिवस

आज राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन हमारे समाज में वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, उनके अनुभव और ज्ञान को महत्व देने और उनके योगदान को स्वीकार करने के लिए मनाया जाता है. इस अवसर पर आज प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। एक आंकड़े के अनुसार प्रदेश में 4 हजार से अधिक बुजुर्ग 100 साल की आयु का आंकड़ा पार कर चुके हैं। प्रदेश की प्राकृतिक आबोहवा, शुद्ध खानपान, संतुलित जीवन शैली और रखरखाव ने यहां बुजुर्गों को लंबा स्वस्थ और सक्रिय जीवन जीने का अवसर प्रदान किया है।

राष्ट्रीय कृमि दिवस

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर आज प्रदेश भर में स्कूलों और आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से 19 वर्ष तक के बच्चों को कृमि मुक्ति दवा खिलाई जाएगी। इसका उद्देश्य बच्चों में पेट के कीड़े की रोकथाम है जो बच्चों में एनीमिया और रक्त की कमी जैसे रोगों के मुख्य कारण हैं। यह दिवस मुक्ति दिवस वर्ष में दो बार अगस्त व फरवरी माह में आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर बच्चों को कृमि मुक्ति दवा खिलाने के साथ–साथ हाथों की सफाई, पूर्ण स्वच्छता के विषय में जागरूक करने और डायरिया, एनीमिया, क्षय रोग से बचाव के बारे में अवगत करवाने का अभियान चलाया जाता है।

<u>मौसम</u>

बीते कुछ दिनों से जारी मानसून की वर्षा का क्रम आज थमा है और प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में दिन की शुरूआत खिली धूप के साथ हुई है। मौसम विभाग ने भी आज प्रदेश में अधिकतर क्षेत्रों में मौसम के साफ बने रहने की संभावना जताई है। राज्य आपदा परिचालन केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में 2 राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 3 सौ 66 सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं, जबकि 9 सौ 29 बिजली ट्रांसफार्मर और एक सौ 39 पेयजल योजनाएं भी ठप्प हैं। प्रदेश में वर्षा जनित घटनाओं में अब तक 2 सौ 80 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।

<u>और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से.........</u>

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। दिव्य हिमाचल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह के हवाले से लिखा है पांच साल में हर गारंटी पूरी होगी जॉब ट्रेनी पॉलिसी अनुबंध जैसी। पंजाब केसरी और आपका फैसला का लगभग एक जैसा शीर्षक है नौकरियों के मुददे को लेकर विधानसभा में तीखी नोक–झोंक।

मौसम की खबर को अमर उजाला ने शीर्षक दिया है हिमाचल में बारिश–भूस्खलन से चार लोगों की मौत, दो बहे, ऊना में बाढ़ जैसे हालात।